# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 7 अप्रैल, 2015/17 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 43**

----

### कैहलूर कम्पलैक्स बिलासपुर

***2008 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बिलासपुर शहर के अन्तर्गत कैहलूर कम्पलैक्स में Indoor Stadium व Water Sports Complex कब-कब बने; ब्यौरा तिथिवार दें व कैहलूर मैदान तथा हॉकी स्टेडियम पर कितना व्यय किया गया;

(ख) ACC बरमाणा ने कितनी धनराशि सिंथैटिक ट्रैक बनाने के लिए कैहलूर कम्पलैक्स के लिए स्वीकृत की थी और क्या इस राशि को हमीरपुर या धर्मशाला के लिए Divert कर दिया था; और

(ग) यदि हां, तो सरकार पुनः बिलासपुर कैहलूर कम्पलैक्स में सिंथैटिक ट्रैक बनाने का विचार रखती है ?

----

### बस अड्डा निर्माण

***2009 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्या राजगढ़ में नए Bus Stand का निर्माण करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो क्या भूमि का चयन कर लिया गया है; और

(ग) सरकार कब तक इस कार्य को शुरू करने का विचार रखती है ?

----

## सड़क निर्माण

***2010 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) कांगड़ा लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत ललेटा से बनु महादेव तथा ठम्बा-ठेहड़-मनोह सड़कें किस वर्ष विधायक प्राथमिकता में डाली गई; और

(ख) इनकी डी0पी0आर0 कब-कब बनी और क्या इनकी वन संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत क्लीयरैंस हो चुकी है और इन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## विद्युत आपूर्ति

***2011 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि दिनांक 01-03-2015 से 18-03-2015 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लगातार बिजली की आपूर्ति बाधित रही; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण रहे और आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने क्या-क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें?

----

## पाठशालाओं में मूलभूत सुविधाएं

***2012 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन से प्राइमरी विद्यालय Unsafe घोषित किए गए हैं;

(ख) इस सम्बन्ध में विभाग ने क्या-क्या आवश्यक पग उठाए हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) इस चुनाव क्षेत्र में कितनी प्राथमिक व माध्यमिक पाठशालाएं हैं और इनमें मैदान, पुस्तकालय व शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु सरकार ने क्या-क्या पग उठाए हैं?

----

## बस अड्डे का निर्माण

***2013 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि चम्बा में कसाकड़ मुहल्ले में बस अड्डे का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## आवारा पशु

***2014 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट) :**
**श्री किशोरी लाल (बैजनाथ) :**
**श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश में आवारा पशुओं का उचित प्रबन्ध करने बारे कोई निर्णय दिया है;

(ख) यदि हां, तो निर्णय की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ग) इस निर्णय को प्रदेश में लागू करने की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(घ) सरकार आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को बचाने एवं उनके नुकसान की भरपाई हेतु क्या-क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## पैन्शन की अदायगी

***2015 श्री गोविन्द राम शर्मा(अर्की) :**
**श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में HRTC के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पैन्शन व Death cum Retirement Gratuity (DCRG) नहीं दी जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इन्हें कब तक पैन्शन व Death cum Retirement Gratuity (DCRG) का लाभ प्रदान करने का विचार रखती है ?

----

## क्रैश बैरियर

***2016 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि विभिन्न राष्ट्रीय उच्च मार्गों एवं अन्य सड़कों में क्रैश बैरियर लगाए गए हैं; यदि हां, तो कितनी-कितनी लागत के लगाए गए हैं;

(ख) इनमें से कितने चोरी हो चुके हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) चोरी हुए क्रैश बैरियरों की क्या F.I.R. दर्ज़ करवाई है; यदि हां, तो सर्कलशः कहां-कहां शिकायतें दर्ज़ करवाई गई और कहां-कहां चोर पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई; ब्यौरा दें ?

----

## पॉलिटैक्निक महाविद्यालय

***2017 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) जिला सिरमौर में Polytechnic College कब से कार्य कर रहा है;

(ख) अभी तक भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) वर्तमान में इसकी कक्षाएं कहां चलाई जा रही हैं ?

----

## सब-स्टेशन की स्थापना

***2018 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि नाहन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बर्मापापड़ी में बिजली का सब-स्टेशन लगाने के लिए भूमि चयनित की गई है;

(ख) यदि हां, तो इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) इसकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## Receding of Glaciers

***2019 Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) during the last few years there has been a sudden change in glaciers & they have receded causing floods, land slides, damage to roads, bridges, water supply schemes specially Kier Nala Spiti, Mayor Nala, Chokang, Sissu Lake, Beeling Nala in Lahaul & Spiti;

(b) what steps has the Government taken to observe & solve this problem & how much budget has been given from disaster relief fund this year; and

(c) whether Government has made any survey or called a team from abroad to study this change?

----

## Electrical Conductor

***2020 Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state:-

(a) whether the Government proposes to shift the Electrical Conductor (wires) passing over the buildings under Nalagarh Assembly Constituency;

(b) if so, by when; and

(c) whether these lines have caused loss of human lives in Nalagarh Assembly Constituency; if yes, details be given ?

----

## मुख्य आरक्षी की पदोन्नति हेतु नियम

***2021 श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पुलिस विभाग में मुख्य आरक्षी को ASI पदोन्नत करने का प्रावधान है;

(ख) यदि हां, तो 8 वर्ष से सेवाकाल 10 वर्ष कब किया गया; और

(ग) सरकार क्या पुनः पदोन्नति के लिए सेवाकाल की अवधि 10 वर्ष से घटाकर 8 वर्ष करने पर विचार करेगी ?

----

## Vacant Posts

***2022 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state:-

(a) how many posts of different categories are existing in Government Polytechnic College Banikhet;

(b) how many posts are lying vacant; and

(c) it is a fact that some of the persons posted at Banikhet are actually on deputation to other institutions?

----

## दैनिक वेतन भोगियों की नियुक्तियां

***2023 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़) :**
**श्री राकेश कालिया (गगरेट) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में जिला परिषद, पंचायत समिति तथा पंचायतों द्वारा अपनी निधियों के आधार पर कितने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नियुक्त किये; और

(ख) जिला ऊना का ब्यौरा कर्मचारियों के नाम व नियुक्ति की तिथि व चुनाव क्षेत्रवार दें ?

----

## धनराशि जमा न करवाना

***2024 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में ऊना जिला के मैहतपुर, टाहलीवाल, धमान्दरी, गगरेट एवं अम्ब में स्थापित उद्योगों में से कितने उद्योगपतियों ने 2% Corporate Social Responsibility Policy की धनराशि नहीं दी; ब्यौरा उद्योगवार दें ?

----

## पशुपालन जागरूकता शिविर

***2025 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में झण्डुता विधान सभा चुनाव क्षेत्र के किस-किस स्थान पर पशुपालन जागरूकता शिविर आयोजित किए गए; और

(ख) इन शिविरों में कौन-कौन मुख्यातिथि थे; ब्यौरा दें ?

----

## Sainik School Sujanpur

***2026 Shri Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) whether it is fact that work of M/T of Complex of Sainik School Sujanpur Tihra has been completed; if so, detail be given;

(b) date-wise details of type of quantity and cost of material issued to the contractors free of cost be given;

(c) the date of award and completion of these works be also given; and

(d) after 2-12-2014 to 15-2-2015 how many works have been awarded to the contractors at the Sub-division level and how much material was issued to contractors free of cost and total cost of such material be also given?

----

## बस परमिट

***2027 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के उद्योगों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को चण्डीगढ़ व हरियाणा से लाने हेतु चल रही निजी बसों को परमिट जारी किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो किन नियमों के अन्तर्गत दिए गए हैं; और

(ग) इस समय चण्डीगढ़ के ट्रांसपोर्टर्ज़ (मग्गू बस सर्विस, गगन बस सर्विस, दीप बस सर्विस व पंजाब बस सर्विस) की कितनी बसें इन औद्योगिक क्षेत्रों में चल रही हैं और इन्हें कितने परमिट दिए गए हैं; ब्यौरा दें ?

----

## गृह रक्षकों को हटाना

***2028 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने गृह रक्षक कार्यरत हैं; इनमें से कितने अस्पताल की सुरक्षा की सेवाएं दे रहे हैं;

(ख) यह सत्य है कि अस्पताल की सुरक्षा में तैनात गृह रक्षा कर्मियों को हटाया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो अस्पताल की सुरक्षा से हटाने के बाद इनकी तैनाती कहां की जाएगी; विवरण दें ?

----

## डिपो की स्थापना

***2029 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार क्या चुवाड़ी में बस डिपो खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) सरकार का चुवाड़ी-बद्दी-नालागढ़ वाया सिहुन्ता-कांगड़ा-ऊना के लिए कब तक बस चलाने का प्रस्ताव है; ब्यौरा दें ?

----

## तारकोल बिछाना

***2030 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में लोक निर्माण उप-मण्डल इन्दौरा के अन्तर्गत कितने किलोमीटर तारकोल बिछाने का लक्ष्य निर्धारित है; ब्यौरा दें ?

----

## बहुतकनीकी महाविद्यालय की स्थापना

***2031 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार चौपाल में बहुतकनीकी महाविद्यालय (Polytechnic College) खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## Allocation of Funds

***2032 Shri Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state:-

(a) during last two years how much money has been allotted under MGNREGA to Nurpur Development Block;

(b) how much is the liability under MGNREGA including wages and material component; and

(c) by when these will be cleared ?

----

## कौशल विकास भत्ता

***2033 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**
**श्री हंस राज(चुराह) :**
**श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कौशल विकास भत्ता योजना कब से चली है और गत दो वर्षों में कितने लोग लाभान्वित हुए और कितना भत्ता दिया गया है; ब्यौरा श्रेणीवार जिलाशः दें?

----

## एस0एम0सी0 के माध्यम से भर्ती

***2034 श्री हंस राज(चुराह) :**
**श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट) :**
**डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**
**श्री सुरेश कुमार (पच्छाद) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में प्रदेश में विभिन्न सरकारी स्कूलों में कितने अध्यापकों को School Management Committee के माध्यम से रखा गया है; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) सरकार द्वारा क्या इस भर्ती में रोस्टर प्रणाली को लागू किया है; ब्यौरा दें; और

(ग) इन नियुक्तियों के लिए विभाग द्वारा क्या-क्या नियम निर्धारित किए गए हैं; प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## सड़क का समाधान

***2035 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि मनाली लेफ्ट बैंक सड़क पर बैली पुल के पास सड़क धंस रही है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इसके स्थायी समाधान के लिए क्या प्रयास कर रही है ?

----

## नई रेल लाइन हेतु सर्वेक्षण

***2036 श्री राम कुमार (दून) :**
**श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने प्रदेश में कितनी नई रेल लाइनों को बिछाने हेतु परियोजनाएं स्वीकृत की हैं और इनके लिए कितने धन का प्रावधान किया गया है;

(ख) प्रदेश में किन-किन नई रेल लाइनों के सर्वेक्षण के लिए केन्द्रीय रेल मन्त्रालय ने धन का प्रावधान किया है; पूर्ण ब्यौरा दें; और

(ग) चण्डीगढ़ से बद्दी तक रेलवे लाइन का कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा और इसमें कितनी धनराशि व्यय करनी प्रस्तावित है?

----

## उतराला-होली सड़क निर्माण

***2037 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि उतराला-होली सड़क के निर्माण के दौरान वृक्षों का कटान किया गया है;

(ख) यदि हां, तो कितने वृक्ष काटे गए तथा दिनांक 15-02-2015 तक इस सड़क पर कितना व्यय किया गया; ब्यौरा दें; और

(ग) इस सड़क के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## चालकों/परिचालकों की रिक्तियां

***2038 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में पथ परिवहन निगम में ड्राइवरों व परिचालकों के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा जिलाशः दें; और

(ख) निगम क्या परिचालकों के रिक्त पदों को भरने के लिए कमीशन एजेंट नियुक्त कर रही है; यदि हां, तो कितने पदों को भरा जाएगा; ब्यौरा जिलाशः दें ?

----

## दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई

***2039 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि दिनांक 11-3-2015 व 13-3-2015 की रात्रि को कुछ शरारती तत्वों ने जिला कुल्लू के अस्पताल में डॉक्टरों की पिटाई की; और

(ख) यदि हां, तो दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें ?

----

## पट्टों का नवीकरण

***2040 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में जिला सिरमौर के अन्तर्गत कितने Stone Crushers हैं;

(ख) इनकी कब तक Renewal leases दी गई हैं; और

(ग) जिनका Renewal period खत्म हो गया है वो किस आधार पर चल रहे हैं; ब्यौरा दें ?

----

## Sumdo-Grampho Road

***2041 Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) whether it is a fact that Government has handed over Sumdo-Grampho road to DGBR; and

(b) if yes, has the Government ensured winter clearance of this patch and handing over earlier employed staff/ labour to DGBR ?

----

## Shifting of Industrial Units

***2042 Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state:-

(a) during the last three years how many existing Industrial units have shifted out of the State;

(b) what efforts have been made by the Government to provide infrastructure facilities & tax relief to owners to check the shifting; and

(c) whether any industrial unit has been shifted from Nalagarh Assembly Constituency during this period; if yes, details be given?

----

## Forest Dwellers Right Act

***2043 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) whether it is a fact that the entire State has been covered under the Forest Dwellers Rights Act;

(b) whether this act is applicable in Urban Areas; and

(c) whether all FRCs have been constituted in the State; details be given Sub-division wise ?

----

## छात्रों को आर्थिक सहायता

***2044 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के सरकारी एवं प्राइवेट कॉलेजों में तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे OBC एवं SC वर्ग के छात्रों को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी जाती है; और

(ख) यदि हां, तो इन सरकारी एवं प्राइवेट सस्थानों में कितने विद्यार्थी OBC एवं SC वर्ग से तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं तथा उन्हें वर्ष 2013 एवं वर्ष 2014-15 में कितनी आर्थिक सहायता दी गई; विस्तृत जानकारी दें?

----

## बस सेवा

***2045 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत एक वर्ष में सरकार द्वारा जिला ऊना में कितनी नई बसें चलाई गई; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें ?

----

## सड़कों का उद्‌घाटन

***2046 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत दो वर्षों में झण्डुता विधान सभा चुनाव क्षेत्र में किन-किन सड़कों का उद्‌घाटन किया गया; और

(ख) इन सड़कों का उद्‌घाटन किस-किस के द्वारा किया गया; ब्यौरा सड़कवार दें ?

----

## अध्यापक का स्थानान्तरण

***2047 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला खुम्बा में अनुबन्ध पर रखे गए अध्यापक को नियुक्ति के दो दिन उपरान्त ही स्थानान्तरित कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो ब्यौरा कारण सहित दें ?

----

## सुरंग का निर्माण

***2048 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भटियात विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार जनहित में चुवाड़ी से चम्बा के लिए सुरंग का निर्माण करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## बिल वितरक

***2049 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में हिमाचल प्रदेश विद्युत परिषद् लिमिटेड द्वारा Outsources के माध्यम से Bill Distributor रखे गए हैं; और

(ख) यदि हां, तो इन्हें यह कार्य करने के लिए कितने समय का प्रशिक्षण दिया जाता है ?

----

## गृह रक्षकों का वेतन

***2050 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने होम गॉर्ड के जवानों को पुलिस विभाग के जवानों के बराबर वेतन देने का आदेश दिया है; यदि हां, तो सरकार कब तक इन आदेशों को लागू करने का विचार रखती है ?

----

**शिमला: 171004.**
**दिनांक: 21 मार्च, 2015.**

**सुन्दर सिंह वर्मा,**
**सचिव।**